
## खबर संक्षेप

### मरीज से पैसा लेने का वीडियो वायरल



**सतना।** सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल में लूट मची हुई है।यहां पर मरीज से पैसा लेने का वीडियो सामने आया है जो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। नर्स द्वारा अस्पताल में भर्ती मरीज के परिजनों से इलाज के नाम पर खुलेआम गिनकर पैसा लिया जा रहा है। मामला मैटरनिटी वार्ड का है। यहाँ गर्भवती महिलाओं के परिजनो से नर्स खुलेआम पैसा लेते नजर आ रही है। वायरल वीडियो दो दिन पहले का बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को दवा,इंजेक्शन और मरहम पट्टी के नाम पर खुलेआम वसूली होती है। जिम्मेदार जानबूझकर अनजान बने रहते है।

### रेलवे ट्रैक पर मिली अज्ञात व्यक्ति की लाश

**मैहर।** लोको पायलट द्वारा सूचना दी गई कि एक व्यक्ति का शव रेलवे लाइन मैहर उमरी पैला फाटक पुल के पास पड़ा है जो कि सफेद छीटदार शर्ट चॉकलेटी कलर का पैंट काले रंग की बनियान व अशोका कंपनी की नीले रंग की चप्पल पहने है जिसकी लाबाई लगभग 6 फिट है। कोतवाली मैहर में मर्ग क्रमांक 168/24 धारा 194 कायम कर शव का पंचनामा उपरांत पहचान हेतु सिविल अस्पताल मैहर के मर्चुरी में रखा गया है।

### बौद्धिक संगोष्ठी कार्यक्रम में शामिल हुई राज्यमंत्री



**सतना।** प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी रविवार को एकेएस विश्व विद्यालय में आयोजित बौद्धिक संगोष्ठी के कार्यक्रम में शामिल हुई। इस दौरान राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने बौद्धिक संगोष्ठी के इतिहास संकलन के संयुक्त तत्वाधान में भारतीय ज्ञान परम्परा में निहित वैज्ञानिक प्रांसगिकता एवं क्षेत्रीय इतिहास के विषय पर जानकारी दी।


### पटाखा दुकानों की व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक आज

**सतना।** आगामी दीपावली एवं देव उठनी एकादशी त्योहार को देखते हुए अस्थाई आतिशबाजी पटाखा दुकान के संचालन एवं आम जनमानस की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए विस्फोटक नियम 2008 तथा शासन के निर्देशों का पालन कराए जाने के लिए 21 अक्टूबर को सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में कलेक्टर अनुराग वर्मा ने सभी संबंधित आधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

### धान, ज्वार और बाजरा उपार्जन के लिए 6 जिलों में किसान पंजीयन आज तक

**सतना।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि किसानों की मांग पर 6 जिलों में समर्थन मूल्य पर धान,ज्वार और बाजरा के उपार्जन के लिए किसान पंजीयन की अवधि 21 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है। किसान पंजीयन की अवधि नर्मदापुरम,रीवा,सतना,सिंगरौली, दमोह और बैतूल जिले के लिए बढ़ाई गई है। गौरतलब है कि पूरे प्रदेश में 7 लाख 66 हजार से अधिक किसान पंजीयन कर चुके हैं। मोटे अनाज का उपार्जन 22 नवंबर और धान का उपार्जन 2 दिसंबर से किया जाएगा।

### अटाला आर्ट की भव्य संगीतमय प्रस्तुति के आवेदन 28 अक्टूबर तक जमा करें



**सतना।** मां शारदा की पावन नगरी एवं संगीत सम्राट पद्म विभूषण बाबा अलाउद्दीन खा साहब की साधना स्थली मैहर में,शास्त्रीय संगीत के उभरते हुए नवोदित कलाकारों को मंच देने का कार्य जिला प्रशासन के सहयोग से मैहर म्यूजिक अटाला आर्ट सिटी के तत्वाधान में 1 जुलाई 2024 से प्रारंभ किया गया था। जिसकी पांचवी प्रस्तुति 6 नवंबर 2024 दिन बुधवार को शासकीय संगीत विद्यालय सभागार में शाम 7:00 बजे प्रारंभ होगी। कार्यक्रम में शास्त्रीय गायन वादन एवं नृत्य के कलाकार अपनी प्रस्तुति दे सकेंगे। साथ में अटाला आर्ट के तहत घर की अनुउपयोगी वस्तुओं से निर्मित कलाकृति की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी इस हेतु कलाकार अपने आवेदन,बायोडाटा प्राचार्य एवं व्याख्याता अनिल जायसवाल (मो.79872 74350) के पास 28 अक्टूबर तक जमा कर सकते हैं। मैहर घराने को जीवंत बनाने एवं विद्या की देवी मां शारदा की नगरी को संगीत मय बनाने हेतु उक्त शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक माह किया जा रहा है।

# पति की लंबी उम्र की प्रार्थना के साथ मनाया गया करवा चौथ

पति की लंबी उम्र की प्रार्थना के साथ रविवार को करवा चौथ का पर्व मनाया गया। व्रत रखने वाली महिलाएं शाम को चंद्रमा के उदय के बाद अर्घ्य देकर और अपने पति के मुख को देखकर उपवास समाप्त किया।

सतना।



हिंदू पंचांग के अनुसार,करवा चौथ का व्रत कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। इस वर्ष चतुर्थी तिथि का आरंभ 20अक्टूबर को सुबह 6 बजकर 46 मिनट पर रहा और इसका समापन 21 अक्टूबर को सुबह 4 बजकर 16 मिनट पर होगा। करवा चौथ पर भी संकष्टी गणेश चतुर्थी की भांति दिनभर उपवास रखने का प्रावधान था,और रात में चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद ही भोजन किया गया। इस वर्ष रविवार को चतुर्थी के चंद्रमा का उदय शाम 7:40 बजे हुआ। महिलाओं ने देवी-देवताओं की नियमित पूजा की भांति इस दिन भी पूजा की। इसके बाद पूरे दिन निर्जल व्रत रखा। संध्या के समय भगवान शिव,माता पार्वती,भगवान कार्तिकेय और भगवान गणेश की पूजा रोली,चंदन,अक्षत,पुष्प, नैवेद्य एवं श्रृंगार के सामान किया। इसके पश्चात करवा चौथ की कथा का पाठ करें या सुना। चंद्र देव के उदय होने पर उनका दर्शन करें और फिर पति को छलनी से देखा। चंद्र देव को अर्घ्य देने के बाद अपने पति को तिलक लगाकर प्रसाद दिया और उनके हाथों से पानी पीकर अपना व्रत समाप्त किया।

### करवा चौथ व्रत का महत्व

प्राचीन काल में यह प्रथा थी कि जब पुरुष व्यापार या युद्ध के लिए लंबे समय तक घर से बाहर जाते थे,तब महिलाएं अपने पतियों के लिए विशेष पूजा करती थीं,इस अवसर पर,महिलाएं सूर्योदय से पूर्व उठकर करवा माता,भगवान शिव,गणेश और कार्तिकेय की पूजा करती थीं और इसके बाद व्रत करने का संकल्प लेती थीं।

## दीवार तोड़कर घर में जा घुसी कार, गाय को बचाने की कोशिश में बेकाबू हुई



**सतना।** जिले के जसो थाना इलाके में सड़क पर बैठे मवेशी एक बार फिर हादसे का सबब बन गए। मवेशी के चक्कर में एक कार बेकाबू होकर दीवार तोड़ते हुए एक घर में जा घुसी। हादसे में कार चालक घायल हुआ है। जानकारी के मुताबिक जसो थाना क्षेत्र में रेउसा गांव के पास तेज रफ्तार से जा रही कार बेकाबू हो कर सड़क से उतरी और सीधे घर में जा घुसी। कार पर अनुज उर्फ प्रिंशु चौबे सवार था। कार को ड्राइव भी वही कर रहा था। कार टकराने से घर की दीवार तो क्षतिग्रस्त हुई ही ड्राइव कर रहा अनुज भी घायल हो गया। उसे आनन फानन में नागौद अस्पताल ले जाया गया।

**मवेशियों के कारण आए दिन हो रहे हादसे-** सड़क पर बैठे और घूमते रहने वाले मवेशी लगातार हादसों का सबब बन रहे हैं।सफर के दौरान आए दिन दो पहिया-चार पहिया वाहनों पर सवार लोग अपने गंतव्य तक पहुंचने के बजाय अस्पताल पहुंच रहे हैं।

## फेंटू क्लब के उद्घाटन मैच का आगाज, जबलपुर ने मैहर को किया पराजित

मैहर।



फेंटू क्लब मैहर द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित 25वां ऑल इण्डिया फुटबाल टूर्नामेन्ट स्वाधीनता कप का उद्घाटन समारोह श्रीकांत चतुर्वेदी विधायक मैहर के मुख्य आतिथ्य,श्रीमती गीता संतोष सोनी अध्यक्ष नगरपालिका परिषद मैहर की अध्यक्षता एवं बी.मोहन्ती यूनिट हेड मैहर सीमेन्ट,पी.के.चौधरी यूनिट हेड बिरला कारपोरेशन,रमेश पाण्डेय बम-बम महाराज, विश्वनाथ चौरसिया गुड्डू भैया, डॉ.के.सी.जैन, अम्बिका संजीव बेरी संचालक आर्ट इचौल,शीतल नितिन ताम्रकार उपाध्यक्ष नगरपालिका परिषद मैहर,ललिता सूर्यप्रकाश चौरसिया पार्षद वार्ड नं.5 मैहर विशिष्ट आतिथ्य में मुख्य अतिथि श्रीकांत चुतुर्वेदी विधायक, मैहर एवं रमेश पाण्डेय बम-बम महाराज द्वारा बाल को किक मारकर के पश्चात प्रारंभ हुआ। दोनों टीमें बहुत ही अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए एक दूसरे पर प्रहार कर रही थी खेल के 4वें मिनट में ही मैहर के जर्सी नं.12 अवि सिंह ने गोल मारते हुए अपनी टीम को 1-0 से बढ़त प्रदान की अचानक हुए इस गोल से जबलपुर की टीम तिलमिला उठी और लगातार अच्छे-अच्छे मूव बनाते हुए 24वें, 27 वें, 33वें, 36वें, 40वें, 44वें, 49वें एवं 62वें मिनट में क्रमशः जर्सी नं. 70, 19, 70, 70, 70, 21, 21,21 ने गोल मारते हुए मध्यान्तर तक अपनी टीम को 8-0 से अग्रता बनाये रखी। मध्यान्तर के पश्चात दोनो टीमें एक दूसरे की रक्षापंक्ति को भेदने का प्रयास करती रहीं परंतु कोई सफलता नहीं मिली और रेफरी की अंतिम विसिल के साथ जबलपुर की टीम 8-0 से अगले चक्र में प्रवेश कर गई। क्लब संरक्षक कोमल चंद जैन,सतविन्दर सिंह सरना एवं अम्बालाल पटेल ने खेल प्रेमी जनता से ज्यादा से ज्यादा संख्या में खेल मैदान में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन करने की अपील की है।सोमवार को यंग आदिवासी एफ.सी.,इंदौर एवं बी.एम.एफ.सी. मैहर के मध्य के अपरान्ह 2.00 बजे से खेला जावेगा। फेंटू क्लब के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने समस्त खेल प्रेमी भाई बहनों,पत्रकार बंधुओं एवं नगर की जनता से अपील की है कि समय पर पहुंच कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए मैच का आनन्द लेवें।

## राज्यमंत्री ने किया क्रिकेट प्रीमियम लीग का शुभारंभ



सतना।

प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी रविवार को विधानसभा रैगांव क्षेत्र अंतर्गत कोठी में आयोजित क्रिकेट प्रीमियम लीग के उद्घाटन समारोह में शामिल होकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इस दौरान राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने प्रतिभागी खिलाड़ियों से भेंटकर उन्हें शुभकामनाएं भी दी। राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को पुरस्कार दिए गए। इस मौके पर जनप्रतिनिधि, खेलप्रेमी तथा ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## विकासखण्ड स्तरीय सुरक्षा जवान भर्ती मेला आज अमरपाटन में

**सतना।** शासकीय आईटीआई सतना एवं जिला रोजगार कार्यालय सतना के सहयोग से सिक्योरिटी गार्ड/सुपरवाइजर/हाउस कीपिंग पद की भर्ती के लिये जिले की समस्त शासकीय आईटीआई संस्थाओं में एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजित किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 24 अक्टूबर तक जिले की शासकीय आईटीआई संस्थाओं में अलग-अलग तिथियों में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित कर सिक्योरिटी सर्विस में सिक्योरिटी गार्ड/सुपरवाइजर/एनसीओ/हाउस कीपिंग पद के लिये योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 21 अक्टूबर को शासकीय आईटीआई अमरपाटन, 22 अक्टूबर को शासकीय आईटीआई बिरसिंहपुर तथा 24 अक्टूबर को शासकीय आईटीआई सतना में प्रातः11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। जिसमें आयु 18 से 37 वर्ष आयुवर्ग तथा योग्यता 8वीं,10वीं पास/फेल,12वीं उत्तीर्ण बेरोजगार आवेदक अपने मूल रिकार्ड के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित होकर योग्यता अनुसार रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।भर्ती से संबंधित जानकारी के लिए भर्ती प्रबंधक मो. 9981808847, 6263787387 पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा निकाला गया पथ संचलन, पुलिस बल रहा तैनात



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ ने शनिवार को शहर के 6 अलग-अलग स्थानों से पथ संचलन किया। पथ संचलन शहर के सभी मुख्य मार्गों से होता हुआ साधूराम स्कूल पहुंचा। जहां पर पथ संचलन का समापन किया गया।

इस मौके पर संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ का शताब्दी वर्ष प्रारंभ होने के उपलक्ष्य में वृहद पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान शहर के 6 अलग-अलग स्थानों बस स्टैंड स्थित सीक्रेट हाई स्कूल, नई बस्ती स्थित सरस्वती शिशु मंदिर, खिरहनी फाटक क्षेत्र स्थित रेलवे लाल ग्राउंड, गायत्री नगर पुलिया, मुड़वारा रेलवे स्टेशन और हाउसिंग बोर्ड ग्राउंड माधवनगर से पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन में काफी संख्या में राष्ट्रीय स्वंयसेवक शामिल हुए। पथ संचलन शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए साधूराम स्कूल पहुंचा। जहां पर कार्यक्रम का समापन किया गया।

पथ संचालन के दौरान पूरे शहर में काफी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था।

### उपयोग में सहज लेकिन पर्यावरण व मवेशियों के लिए बेहद हानिकारक

## ठंडे बस्ते में अमानक पालीथिन विक्रय करने वालों पर कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अमानक पालीथिन पर पाबंदी के बावजूद जिले भर में बेरोकटोक चलन जारी है। बीच-बीच एकाधिक दुकानदारों पर कार्यवाही कर अभियान के नाम पर महज खानापूर्ति ही किया जा रहा है। आलम यह है कि पालीथिन का उपयोग अप्रत्याशित रूप से बढ़ रहा है। कार्यवाही नहीं किये जाने से अमानक पालीथिन का उपयोग बंद नहीं हो पा रहा है। प्रशासन द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जाता है लेकिन इसका कोई खास असर नहीं हो रहा है। अमानक पालीथिन के स्थान पर बड़े पैमाने पर कागज या कपड़े के बैग उपयोग करने की अपील का भी असर न के बराबर है। आलम यह है कि अब पालीथिन का अधिक उपयोग हो रहा है।प्रशासनिक ढिलाई के साथ ही अमानक पालीथिन एक बार फिर चलन में जोरो पर है।

गौरतलब है कि हर मौके पर उपयोग के लिये सुगम लेकिन फेंकने के बाद खतरनाक अमानक पालीथिन के उपयोग पर पूरी तरह से पाबंदी है। पूर्व में जब अमानक पालीथिन पर रोक लगाने सरकारी आदेश जारी किये गए थे तब प्रशासन की ओर से सख्ती बरती गई तब तक तो बाजार से अमानक पालीथिन गायब रही लेकिन जैसे ही ढील शुरू हुई वैसे ही एक बार फिर बाजार में सेहत के लिये खतरा बनी पालीथिन का उपयोग बेरोकटोक हो गया है।

मवेशियों के लिये पॉलीथिन जहर की तरह घातक साबित हो रही है। आए दिन किसी न किसी मवेशियों की मौत हमारे व आपके द्वारा घरों से बाहर फेंकी जा रही प्लास्टिक की वजह से हो जाती है। यह प्लास्टिक जितने जानवरों के लिये घातक साबित हो रहे है उतने ही मनुष्य के स्वास्थ्य के लिये भी हानिकारक है। मिटटी में जाकर जहां यह पौधो की वृद्धि में बाधा बन जाती है। जानकारों के अनुसार पालीथिन एक पेट्रो केमिकल उत्पाद है। जिसमें टाक्सिक एलीमेंट का प्रयोग किया जाता है। जिसमें टाक्सिक एलीमेंट का प्रयोग किया जाता है जो कि सभी के लिये हानिकारक माना जाता है।

जानकारो के मुताबिक प्लाटिक के थैलों के निर्माण में कैडमियम व जस्ता जैसी विषैली धातुओं का उपयोग होता है। यह धातु खतरनाक मानी जाती है जो जानवरों के पेट में जाकर उनकी मेटाबालिज्म प्रक्रिया को प्रभावित कर देती है। इससे पेट फूलने के साथ ही जानवर की भी मौत हो जाती है। यह विषैला तत्व खाद्य पदार्थो को विषैला बना देता है। कैडमियम के कारण उल्टियां आने लगती है।

जिले भर में मवेशियों की संख्या लाखों में है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में मवेशियों को चरने के लिये छोड़ा जाता है गाय, बैल, सड़क किनारे सब्जी मंडी, दुकानों के आसपास व अन्य जगहो पर पड़ी पालीथिन को खा लेने से असमय ही मौत को दावत देते है।

इस बारे में वेटनरी डाक्टरो का कहना है कि पालीथिन जानवरो के लिये बेहद घातक है। इसको खाने से जानवरों की मौत तक हो जाती है। कई बार ऐसे केस आते है जब गाय, बकरी के पेट से बड़ी मात्रा में पालीथिन पाई गई। आदमी खुद पालीथिन का प्रयोग करके गौमाता को बेमौत मार रहे है। कई बार हमने ऐसी गायों का आपरेशन करवाकर जान बचाई।

### जागरूकता तक सिमटी कार्रवाई

बीच-बीच में अमानक पालीथिन विक्रय के खिलाफ अभियान तो चलाया जाता है लेकिन सतत रूप से कार्यवाही नहीं की जा रही। उपयोग को लेकर लोगो को सावधान करने चलाया जा रहा जागरूकता अभियान भी ठंडा पड़ चुका है। पहले कार्यवाही के डर से दुकानदार भी ऐसी पालीथिन को उपयोग में लाना तो दूर दुकान में रखते तक नही थे लेकिन अब सब कुछ ठंडे बस्ते में होने की वजह से एक बार फिर वही पुराने दिन लौट आये है। इस पर कार्यवाही न होने से अमानक पालीथिन का तेजी से चलन बढ़ता जा रहा है।

## लापता बालिका को गुजरात से दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माधवनगर पुलिस ने एक लापता बालिका को गुजरात से दस्तयाब कर उसे सुरक्षित उसके परिजनों को सौंपा है। कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया और नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी माधव नगर निरीक्षक अनूप सिंह और उनकी पुलिस टीम की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

पुलिस के मुताबिक 26 मार्च 2022 को कुम्हार मोहल्ला के पास रहने वाले एक मजदूर ने माधव नगर थाना में अपनी नाबालिक पुत्री के लापता होने की सूचना दी थी। पिता ने बताया कि लड़की बिना किसी सूचना के घर से निकल गई थी, और उन्होंने उसे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड तथा रिश्तेदारों के घरों में खोजने का प्रयास किया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई की और धारा 363 भा.द.वि. के तहत प्रकरण दर्ज किया। पुलिस टीम ने गहन जांच शुरू की और सूचना तंत्र का उपयोग करते हुए यह पता लगाया कि लड़की गुजरात में है। त्वरित कार्रवाई करते हुए, पुलिस टीम ने रोशनी को गुजरात से सकुशल दस्तयाब किया और उसे कटनी लाकर उसके परिजनों को सुपुर्द किया। पूछताछ के दौरान, लड़की ने बताया कि वह अपनी मर्जी से काम की तलाश में गुजरात गई थी। पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए उसे सुरक्षित उसके माता-पिता को सौंपा।

## खबर संक्षेप

### सामान्य सभा की बैठक 25 को

**दमोह।** जनपद पंचायत दमोह की सामान्य सभा की बैठक 25 अक्टूबर 2024 को दोपहर 01 बजे से जनपद सभाकक्ष में आयोजित की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दमोह पूनम दुबे ने जनपद पंचायत दमोह के समस्त अध्यक्ष/ उपाध्यक्ष/ सदस्य से उक्त बैठक में उपस्थित होने आग्रह किया है।

### देवेंद्रनगर के ग्राम चांपा में उगाई जा रही हैं ऑर्गेनिक तरीके से सब्जियाँ

**देवेंद्रनगर।** देवेंद्रनगर के अंतर्गत ग्राम चांपा में किसान शशेंद्र सोनी द्वारा ऑर्गेनिक तथा हाइड्रोपोनिक्स तरीके से खेती की जा रही है और सब्जियों को उगाया जा रहा है तथा मार्केट में बेचने की तैयारी चल रही है। इसी को देखने आज मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी अभिषेक जैन द्वारा तथा पत्रकार प्रशांत जैन द्वारा उनकी ऑर्गेनिक खेती और हाइड्रोपोनिक्स प्लांट का निरीक्षण किया गया निरीक्षण में देखा कि शशेंद्र सोनी (सोनू) द्वारा ऑर्गेनिक तरीके से अच्छी खेती की जा रही है डॉक्टर जैन द्वारा बताया गया कि आजकल जो बीमारियां हो रही है जैसे कैंसर डायबिटीज हाइपरटेंशन किडनी का फेल होना लीवर का फेल होना इसका मुख्य कारण कहीं ना कहीं कीटनाशक अनाज का तथा सब्जियों का उपयोग करना है जिसके कारण से इस तरह की गंभीर बीमारियां हो रही हैं इसको रोकने के लिए हमें अपने जीवन में ऑर्गेनिक खेती को अपनाना पड़ेगा ताकि हम सभी स्वस्थ रह सके तथा इस तरह की खेती से पर्यावरण शुद्ध रहता है मिट्टी की जल धारण क्षमता बढ़ती है तथा सब्जियों और अनाज की पोषक गुणवत्ता भी अच्छी होती है हमारे नगर में इस प्रकार की खेती होना एक अच्छी शुरुआत है और यह एक सराहनीय कार्य है इस तरह की खेती को हम सभी को बढ़ावा देना चाहिए और मार्केट में इसी प्रकार की सब्जियां और अनाज का बढ़ावा देना चाहिए ताकि हम सभी लोग स्वस्थ रह सके और किसान भाइयों को भी लाभ हो सके। आजकल, खाद्य-उत्पादन तकनीक कीटनाशकों और रसायनों पर बहुत अधिक निर्भर करती है, जो पानी और मिट्टी पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। जल और मृदा प्रदूषण, साथ ही ऊपरी मिट्टी की बड़े पैमाने पर कमी, जलवायु परिवर्तन को गति देती है। इससे संबंधित घटनाएँ भूमि की फसल उगाने की क्षमता को प्रभावित कर रही हैं, जिससे दुनिया भर में खाद्यान्न की कमी हो रही है। हाल के वर्षों में, कृषि पद्धतियों में स्थायी खाद्य-उत्पादन विधियों की ओर एक बड़ा बदलाव देखा गया है, जिसमें पर्माकल्चर, फसल चक्रण, पॉलीकल्चर और हाइड्रोपोनिक खेती शामिल है। हम उत्तरार्द्ध पर एक नज़र डालते हैं और इसके संभावित लाभों और नुकसानों का विश्लेषण करते हैं।

# पवई वितरण केंद्र में अभियान चला कर कृषि पंपों पर छापामार कार्रवाई

पन्ना।

**पवई वितरण केंद्र अंतर्गत प्रभारी अधिकारी सतीश कुमार सैनी सहित वितरण केंद्र के सभी कर्मचारियों सहायक लाइन मैन राम पाल बागरी, मीटर रीडर पुनीत मिश्रा, राजेश पटेल और लाइन हेल्पर शिव शंकर शर्मा एवं भूपेंद्र पटेल, ड्राइवर गोविन्द वर्मन) द्वारा ग्रामीण अंचल मे कूपना और कैथी मे बिना रसीद जमा करवाये हुए अस्थायी कृषि पंपो की चेकिंग की गई।**



जिसमें कूपना और कैथी ग्रामों के कृषि खेतों मे चोरी से बिना रसीद जमा किये उपभोक्ताओं के विरुद्ध छापा मार कार्यवाही कर विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत धारा 135 के तहत 13 प्रकरण दर्ज किए गए। इसलिए समस्त उपभोक्ताओं को सूचना और निवेदन किया जाता है कि बगैर कनेक्शन और वैलिड कनेक्शन के कृषि मोटर उपयोग ना करें, अन्यथा कृषि संयन्त्र को जब्ती के साथ साथ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135/138 के तहत कार्यवाही होंगीं, चालान और जुर्माना कार्यवाही के बाद पुलिस प्रशासन और विशेष कोर्ट मे न्यायालयीन कार्यवाही की जावेगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी आपकी होंगीं। अतः अप्रिय कार्यवाही से बचे। जो जब की राशि या बिजली बिल की राशि जमा होंगीं, वे मध्य प्रदेश के राजस्व खजाना मे संग्रहित होंगीं और उस राजस्व खजाना से मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजना के सफल क्रियान्वयन मे सहायक सिद्ध होंगीं। अतः सेवा शुल्क के रूप मे देयक बकाया बिजली बिल जमा करें और उचित कनेक्शन लेकर विद्युत का उपयोग करें। विधुत का बचत ही विद्युत का उत्पादन है। आपकी सेवा मे विद्युत पवई टीम सदैव तत्पर है।

## कीट के प्रकोप से धान की फसल खराब एवं किसान परेशान

### कीट के प्रभाव से बड़े पैमाने पर फसल नष्ट हो रहीं है

### पीड़ित किसानों ने शाहनगर तहसील मुख्यालय में प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा



**पन्ना।** कृषि क्षेत्र नित नई आधुनिक तकनीक और खाद बीज तथा कीटनाशकों से गुलजार हैं। लेकिन हाल ही एक कीट के चलते तेजी से नष्ट हो रहीं फसलों का मामला सामने आने बाद कृषि के नाम पर फैले बाजार और ज्ञान विज्ञान पर भी प्रश्न खड़े कर दिए हैं। इसी माह पन्ना जिले की रैपुरा तहसील से शुरू हुआ कीटों का प्रकोप ने तेजी से शाहनगर क्षेत्र में भी दस्तक दी है जिसके बाद अच्छी उपज की तैयारी में जुट किसानों के होश उड़ गए हैं। अचानक कीट के प्रकोप से पीड़ति किसानों के बीच फसल बीमा का महत्व बढ़ा है लेकिन कृषि विभाग की निष्क्रिय कार्यशैली के चलते किसान स्वयं को ठगा अनुभव कर रहे हैं। कीट प्रकोप के मामले पर शासन-प्रशासन की चुप्पी के चलते किसानों नै बड़ी संख्या में तहसील मुख्यालय पहुंचे और नष्ट हुई फसलों को लेकर प्रदर्शन किया है साथ ही मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर राहत सहायता की मांग की गई है। किसानों के प्रदर्शन के बीच तहसील प्रशासन भी हरकत में आया है और फसल हानि के सर्वे की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है।

## पत्रकार का जन संपर्क विभाग की सूची में नाम रिसीव्ड के बाद क्यों नहीं?

पन्ना।

थाना प्रभारी शाहनगर ने अपराध पंजीबद्ध करने के बाद जनसंपर्क विभाग से पत्रकार की पुष्टि चाही गई जिसमें जन संपर्क अधिकारी सूची में नाम दर्ज नहीं किया खुलासा आखिर आगे पुलिस ने अपनी कार्यवाही को भी शोशल मीडिया में स्वयं ही बयां कर दिया अब पत्रकारों के संघर्ष की कहानी क्या इस पूरे मामले को लेकर आगे क्या तय करेगी यह वक्त के साथ ही जाना जायेगा

जिले में पत्रकारों का विरोध पुलिस की कार्यप्रणाली तथा पत्रकारों की स्वयं के कर्तव्य तथा जन संपर्क विभाग जो पत्रकारों व प्रशासन के मध्य सेतु का कार्य करने को लेकर जाना जाता है। यहां हालात अपने आप में तरह-तरह से स्वयं ही अलग बयां होने लगे जहां पुलिस विभाग ने स्वयं ही पन्ना पुलिस की ट्वीट में अपनी कार्य प्रणाली का खुलासा किया गया। जब जन संपर्क विभाग कार्यालय द्वारा पत्रकार को लेकर साफतौर पर पुष्टि नहीं की गई जहां जन संपर्क अधिकारी द्वारा जो पत्र पुलिस विभाग को दिया वहीं पुलिस विभाग के थाना प्रभारी शाहनगर ने अभियुक्त का नाम उल्लेखित करते हुये अपराध पंजीबद्ध करने के बाद क्या जानकारी चाही गई। यह तो जन संपर्क अधिकारी ही बयां कर सकते है वहीं जन संपर्क अधिकारी का पत्र ही स्वयं खुलासा कर रहा है। पत्रकार है कि नहीं संबंधित व्यक्ति सतीष विश्वकर्मा निवासी टिकरिया साथ ही विनय चौरसिया डायरेक्टर का पत्र जन संपर्क अधिकारी को लेकर समाचार एवं विज्ञापन संकलन हेतु जो अधिकृत पत्र के रूप में सतीष विश्वकर्मा तनय छन्नू लाल विश्वकर्मा जिसमें उनकी कार्य अवधि 01.04.2024 से 31.03.2025 तक अधिकृत किया गया है। जिसकी पावती का दावा संबंधित सतीष विश्वकर्मा द्वारा रिसीव्ड के रूप में जन संपर्क अधिकारी कार्यालय की सील के साथ बयां किया जा रहा है अब यह मामला सच्चाई के तौर पर आखिर यह क्या क्या सतीष विश्वकर्मा के रिसीव्ड के बाद जिले के जन संपर्क विभाग में जहां पत्रकारों के नाम अधिकृत तौर पर सूची पर दर्ज रहते है यहां न होना इसको लेकर कौन जिम्मेदार है। वहीं थाना प्रभारी शाहनगर ने अपराध पंजीबद्ध करने के बाद पत्रकार के नाम की पुष्टि जन संपर्क विभाग के अधिकारी से की है क्या यह पहले की जानी चाहिये थी अपराध पंजीबद्ध करने के पहले की नहीं जो अपने आप में सवाल है। वहीं अब पत्रकारों ने जहां ज्ञापन के माध्यम से थाना प्रभारी बृजपुर को हटाने को लेकर जो मांग रखी है क्या यहां इन जिम्मेदारों की कार्य प्रणाली को लेकर क्या माना जाये जो अपने आप में स्वयं ही सवाल है। देखना यह है कि पत्रकार इस संघर्ष को लेकर क्या मंथन करेंगे या कि आगे इस तरह के हालात को लेकर पत्रकारों को स्वयं ही अपनी कार्य प्रणाली को लेकर दायित्व निर्वाहन पर भी गौर करना लाजमी होगा। पत्रकारों व पुलिस विभाग तथा जन संपर्क विभाग स्वयं में उलझी दास्तां आगे होता है।

## सलेहा थाना क्षेत्र में अवैध विस्फोटक पदार्थ (पटाखा) का भंडारण एवं विक्रय करने वाले 2 आरोपियों के विरूद्ध पृथक-पृथक अपराध पंजीबद्ध कर की गई वैधानिक कार्यवाही

### लगभग 6 लाख 70 हजार रूपये के विभिन्न प्रकार के विस्फोटक पदार्थ (पटाखा) आरोपियों के कब्जे से जप्त




पन्ना।

पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस. थोटा द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध विस्फोटक पदार्थों के परिवहन, ब्रिकय, उत्पादन एवं भण्डारण करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशनुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह एवं पन्ना जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों/चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में थाना स्तर पर पुलिस टीमों का गठन किया गया है। इसी तारतम्य में दिनांक 19/10/24 को पुलिस अधीक्षक पन्ना को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की कस्बा सलेहा में 01 व्यक्ति अपनी कपड़ा की दुकान की उपरी मंजिल मे एवं एक अन्य व्यक्ति चौधरी मोहल्ला सलेहा मे अपने मकान मे अवैध विस्फोटक पदार्थ (पटाखा) का विक्रय हेतु भारी मात्रा मे भंडारण किये हुये हैं। मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा अनुविभागीय अधिकारी गुनौर ग्लैडविन एडवर्ड कार के मार्गदर्शन मे सलेहा थाना प्रभारी उनि. अनिल सिंह राजपूत के तेतृत्व मे सायबर सेल टीम पन्ना को शामिल करते हुये 02 पुलिस टीमो का गठन किया जाकर उचित कार्यवाही किये जाने हेतु आदेशित किया गया। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार दोनो पुलिस टीमो द्वारा मुखबिर के बताये अलगदृअलग स्थानो मे मुखबिर सूचना की तस्दीक कर पुलिस टीमो द्वारा मुखविर के बताये स्थान पर रेड कार्यवाही की गई जहां एक व्यक्ति अपने कपड़े की दुकान की उपरी मंजिल मे बने कमरे मे अवैध रूप से अवैध विस्फोटक सामग्री (पटाखा) भारी मात्रा विक्रय हेतु बोरियो एवं कार्टून मे भरे रखे पाया गया। पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्ति से नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम नागेन्द्र कुमार जैन पिता कस्तूरचंद्र जैन उम्र 54 साल निवासी सलेहा का होना बताया एवं पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्ति के कब्जे में रखे एवं बोरियो एवं कार्टून को खोलकर देखा गया तो विभिन्न प्रकार के विस्फोटक सामग्री (पटाखा) पाई गई। इसी प्रकार चौधरी मोहल्ला मे एक अन्य व्यक्ति अपने मकान मे अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री (पटाखा) भारी मात्रा बोरियो एवं कार्टून मे भरे रखे पाया गया। पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्ति से नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम लल्लू वर्मा पिता तम्मा वर्मा उम्र 45 साल निवासी चौधरी मोहल्ला ग्राम कराकर थाना सलेहा बताया। पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्ति के कब्जे में रखे कार्टून एवं प्लास्टिक की बोरियो को खोलकर देखा गया तो विभिन्न प्रकार के विस्फोटक सामग्री (पटाखा) पाई गई। पुलिस टीम द्वारा दोनो आरोपियों के कब्जे से करीब 06 लाख 70 हजार रूपये डत्त्‍ प्राइस (बाजार मूल्य) की अवैध विस्फोटक सामग्री (पटाखो) को जप्त किया जाकर थाना सलेहा में दोनो आरोपियों के विरूद्ध अलग-अलग अप.क्र. 267/24 एवं अप.क्र. 268/24 धारा 5, 9-ठ विस्फोटक अधिनियम के कायम किये जाकर वैधानिक कार्यवाही की गई है।

### सराहनीय योगदान

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सलेहा उनि. अनिल सिंह राजपूत, उनि. जेपी अहिरवार ,सउनि पर्वत सिंह,प्र.आर. रावेन्द्र पाण्डेय,राजेश प्रजापती, अनिल बागरी महिला प्र.आर. तेजवती, आर0, राजकरण, अंकित, जितेंद्र, अवनीश,अमित, अजय, आर. चालक पुष्पेन्द्र जाट एवं सायबर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा।

## देवेंद्रनगर में बिजली अमले की छापेमारी

### कार्यवाही चोरी के लगभग 2 दर्जन प्रकरण दर्ज





**देवेंद्रनगर।** देवेंद्रनगर में बिजली चोरी रोकने के लिए पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के संभाग कार्यालय अधीक्षण अभियंता पन्ना सी.पी.सिंह एवं कार्यपालन अभियंता पन्ना अमितेश मिश्रा के निर्देशानुसार देवेंद्रनगर में सघन मास चेकिंग अभियान चलाया गया अभियान के दौरान शनिवार को टीम ने देवेंद्रनगर में कई घर और दुकानों में दबिश दी। इस दौरान लोग कटिया फंसाकर लीड काटकर मीटर बनाकर बिजली का उपयोग करते पाए गए। टीम ने विद्युत अधिनियम 2003 के तहत कई दर्जन प्रकरण दर्ज किए। अभियान में शामिल टीम ने गांव के विभिन्न क्षेत्रों में छापामारी की। जिसमें बस स्टैंड, सलेहा रोड सतना रोड सोसायटी रोड बस स्टैंड ,और बस्ती मोहल्ला शामिल थे। टीम में प्रशांत खरे सहायक अभियंता, तेजभान चतुर्वेदी सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, अमरदीप सिंह परिहार, कनिष्ठ अभियंता उमेश पांडे,कनिष्ठ अभियंता विकास गुप्ता,कनिष्ठ अभियंता श्री फिरोज खान द्वारा विद्युत चेकिंग के दौरान पन्ना रोड, सतना रोड, सोसायटी रोड, बस स्टैंड, बस्ती, सलेहा रोड, में अवैध रूप से विद्युत प्रयोग करने वाले उपभोक्ताओं की प्रकरण दर्ज किया गया एवं तार भी जप्त की गया लंबित विद्युत बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं की कनेक्शन विच्छेद किया गया एवं सघन चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे अनाधिकृत रूप से बिजली का उपयोग न करें और चोरी के खिलाफ सहयोग करें।

## विजयादशमी उत्सव पर संघ ने निकाला पथ संचलन

### एकरूपता व अनुशासन की दिखी सुंदर छबि





अमानगंज-

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी विजयादशमी उत्सव के उपलक्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड अमानगंज का विशाल पथ संचलन निकाला गया है। जिसमे आज दिनांक 20 अक्टूबर 2024 को नगर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमानगंज में दोपहर ठीक 3:30 बजे समस्त कार्यकर्ताओं का एकत्रीकरण हुआ। जहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आशीष जी खरे खंड संघचालक अमानगंज और रुद्र प्रताप जी जिला संघ चालक पन्ना एवं उदय राज सिंह बघेल जी जिला कार्यवाह पन्ना और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाग चंद्र ताम्रकार जी की उपस्थिति में अमृत वचन और एकल गीत पश्चात मुख्य वक्ता रुद्र प्रताप जी जिला संघ चालक पन्ना के बौद्धिक उपरांत पूर्व निर्धारित मार्ग अनुसार नगर में विशाल पथ संचलन निकला गया जो नया बस स्टैंड होकर मटकी चौराहा, चतुर्वेद मोहल्ला होते हुए गांधी चौराहा पहुंचा जहां से रेजा पेट्रोल पंप से वापस होकर गांधी चौराहा होते हुए गोविंद छिरौलिया की दुकान से होकर ज्वाला माता मंदिर होते हुए पुनः रमेश जी लखेरा के मकान से होकर शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमानगंज पहुंचा जहां कार्यक्रम का समापन हुआ। इस विशाल पथ संचलन में एकरूपता व अनुशासन की एक भव्य छबि दिखाई दी ।

## ग्रे-वाटर प्रबंधन पर प्रशिक्षण संपन्न

### ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति ने लिया ग्रे-वाटर प्रबंधन का संकल्प





पन्ना।

ग्राम पंचायत शाहपुरा जनपद अजयगढ़ में समर्थन संस्था ने रिलायंस फाउन्डेसन के सहयोग से ग्रे-वाटर प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया एवं ग्राम में जाकर फील्ड में गेवाटर की स्थिति पर चर्चा की। ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य एवं जनप्रतिनिध प्रशिक्षण में शामिल रहे। सरपंच महेन्द्र कुमार दीक्षित ने कहा की हम अपने गांव का साफ स्वच्छ करना चाहते है, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति एवं सामुदाय के सहयोग से ये संभव है ,हम जल्दी ही टीम बनाकर सप्ताहिक अभियान एवं मशाल जलाकर गांव का उज्जव साफ करने में जागयक करेगे। समिति की विद्यावती, क्लाईमेंट चौम्पियन सीमापाल, कमलाकोरी, शिवपाल, दयाराम, पंचायत मित्र सोनू खरे ने अभियान चलाने एवं ग्रेवाटर प्रबंधन का संकल्प लिया। ग्रे-वाटर प्रबंधन की आवश्यकता-प्रशिक्षण उपरांन्त समिति सदस्यो ने ग्राम का भ्रमण कर हैन्डपम्प एवं नाली से निकल रहे पानी का प्रबंधन करना आवश्यक वताया पूरा पानी रून्ज नदी में जा रहा जहा पर लोग नहाते है। समिति के अध्यक्ष एवं सरपंच महेन्द्र दीक्षित ने कहा की जल्द ही इस मुददे पर काम किया जायेगा। स्वच्छ भारत मिशन की जिला टीम से योगेश सिंह एवं जायन्ती अहिरवार ने गे-वाटर पर पूरा सहयोग करने की वात कही। ग्रे-वाटर पर प्रशिक्षण दे रहे ज्ञानेन्द्र तिवारी ने कहा की जिले में पल्थरा गांव एक मांडल है उसकी फिल्म दिखाई गई तो ग्रमीणो ने कहा हमारे गांव में भी ऐसा ही बनना चाहिये। हम भी अपने गांव को साफ सुधरा रखना चाहता हूॅ। संस्था के राज्य कार्यक्रम प्रबंधक विश्वराज ने कहा की पंचायत अपने आप में सरकार है वहां अपने टैक्स लगाकर छोटे-छोटे काम करवा सकती है। गांव साफ सुथरा रहेगा तो वीमारी नही होगी। कार्यक्रम में लखनलाल शर्मा एवं कौशलेन्द्र सिंह ने सहयोग प्रदान किया।

# दोस्त ने ही दोस्त को उतारा मौत के घाट

## सर को धड़ से किया अलग

**अलीपुरा थाना के ग्राम बड़ागांव में नृशंस हत्या से फैली सनसनी**

छतरपुर जिला अंतर्गत अलीपुरा थाना के ग्राम बड़गांव में शराब खोरी की पार्टी में दोस्तों ने अपने ही दोस्त की कुल्हाड़ी से सिर काटकर हत्या कर दी। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है।



नौगांव।

आरोपियों के पास से खून से सने कपड़े एवं कुल्हाड़ी पुलिस ने जप्त की है। एक आरोपी मौके से फरार बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर नौगांव एसडीओपी चंचलेश मरकाम, अलीपुर थाना प्रभारी डीडी शाक्य सहित एफएसएल की टीम प्रभारी प्रतीक यादव एवं डॉग स्कॉट की टीम मौके पर पहुंची। घटना की बारीकी से जांच की जा रही है।

एसडीओपी चंचलेश मरकाम ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक विशाल सिंह सेंगर पिता तोरण सिंह सेंगर उम्र 54 वर्ष निवासी बड़ागांव अपने दोस्तों के साथ गांव के मंदिर पर हो रही दीवाली के कार्यक्रम में गया हुआ था उसके पश्चात वह अपने दोस्तों देवेंद्र रैकवार पिता छोटे लाल रैकवार उम्र 32 वर्ष, पप्पू अनुरागी पिता जगुआ अनुरागी उम्र 47 वर्ष, ग्यासी कुशवाहा पिता हरदयाल कुशवाहा उम्र 35 वर्ष निवासी बड़ागांव के साथ पप्पू अनुरागी के घर शराब पीने गए थे। जहां पर अवैध रूप से शराब बेची जाती है। शराब पार्टी के बाद देवेंद्र रैकवार एवं मृतक विशाल सिंह सेंगर के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया और इसी विवाद ने हत्या जैसी घटना को अंजाम दे दिया। आरोपियों के अनुसार विवाद करीब रात्रि 3 बजे हुआ जिसमें देवेंद्र रैकवार द्वारा विशाल सिंह सेंगर को कुल्हाड़ी से सर काट कर अलग कर दिया। उसके बाद वह मौके से फरार होकर अपने घर पर चला गया जहां पर उसने चिल्ला चिल्ला कर कई लोगों को शराब के नशे में हत्या करने की बात स्वीकार की है।

मृतक विशाल सिंह के भाई पंचम सिंह ने बताया कि उसके भाई की गांव में किसी से कोई रंजिश नहीं थी और न ही किसी प्रकार का कोई जमीनी विवाद था जिन लोगों ने उसके भाई की हत्या की है उनसे उसकी अच्छी खासी दोस्ती थी। लेकिन शराबखोरी ने उसके भाई की जान ले ली है। पुलिस ने मृतक की दो हिस्सों में बंटी लाश को पोस्टमार्टम के लिए नौगांव भेजा पोस्टमार्टम के बाद लाश को परिजनों को सौंप दिया गया।

### इनका कहना है

*प्रथम दृष्टया आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। घटना में शामिल ग्यासी कुशवाहा अभी पुलिस पकड़ से फरार है। दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिनके पास से खून से सनी कुल्हाड़ी एवं कपड़े जप्त किए गए हैं। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है घटना में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।*

***डीडी शाक्य***
***थाना प्रभारी, अलीपुरा***

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने पकड़े गांजा के पेड़, आरोपी गिरफ्तार

छतरपुर। पुलिस द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत निरंतर कार्यवाही की जा रही है। अवैध मादक पदार्थ गांजा, शराब, नशीली सामग्री जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान थाना बंशिया क्षेत्र के ग्राम धावा में एक घर के पीछे रिक्त भूमि पर अवैध मादक पदार्थ गांजा के पेड़ होने की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम ग्राम धावा संबंधित स्थान पर पहुंची। विधिवत कार्यवाही कर एक घर के पीछे रिक्त भूमि पर लगे कुल छोटे बड़े पेड़ 36 नग कुल मादक पदार्थ का वजन करीब 45 किग्रा एवं कुल कीमत करीबन 2 लाख रूपये जप्त किया गया। आरोपी रजोल सिंह राठौर पिता झल्ला सिंह निवासी ग्राम धावा थाना बंशिया जिला छतरपुर को गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना बंशिया में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया। विधिवत कार्यवाही कर अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है। विवेचना कार्यवाही जारी है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी चंदला निरी. कमल सिंह ठाकुर, थाना प्रभारी बंसिया उपनिरीक्षक सुरेंद्र मरकाम, थाना प्रभारी सरवई उप निरीक्षक अतुल झा, थाना प्रभारी गोयरा उप निरीक्षक संजय पांडेय, चौकी प्रभारी बछौन उनि. शैलेन्द्र सिंह रावत एवं पुलिस टीम की मुख्य भूमिका रही।

### खजुराहो के प्राचीन चंदेल कालीन तालाबों की दयनीय स्थिति



छतरपुर। परिवर्तन एनजीओ एवं परमार्थ एनजीओ के विशेष आमंत्रण पर राष्ट्रीय जल पुरुष राजेंद्र सिंह के सहयोगी बुंदेलखंड के जल पुरुष संजय सिंह ने खजुराहो के चंदेल कालीन जल स्त्रोतों पर श्री मतंगेश्वर सेवा समिति एवं दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर के पंडित सुधीर शर्मा के साथ खजुराहो में विराजे आचार्य समय सागर जी महाराज के मुनि संघ से आशीर्वाद प्राप्त किया तथा जल संवर्धन के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि खजुराहो के चंदेल कालीन तालाबों की स्थिति बहुत ही दयनीय है जल्द ही वह मुख्यमंत्री से मिलकर इस सबंध में चर्चा करेंगे। खजुराहो के समाजसेवियों के साथ मिलकर खजुराहो एवं आसपास के सभी तालाबों, प्राचीन बेहरों, कुओं आदि जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार करेंगे। इस मौके पर रामगोपाल शर्मा, भगवत प्रसाद पटेल, उत्तर प्रदेश के पूर्व उपसंचालक शिक्षा विभाग, वीरेंद्र सीगोत भी उपस्थित रहे।

### गुटखा के लिए मना किया तो पिता-पुत्र ने कर दी युवक की मारपीट



छतरपुर। चंदला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बगुली में मामूली बात को लेकर पिता-पुत्र ने एक युवक की लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी। घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सोहन पटेल तनय रामखिलावन पटेल 18 वर्ष निवासी बगुली थाना चंदला ने बताया कि वह अपने घर के पास बैठा तभी राजकिशोर आया और उससे गुटखा की मांग करने लगा, जब सोहन ने राजकिशोर को गुटखा देने से मना किया तो राजकिशोर ने सोहन की गाली-गलौज शुरू कर दी।



## मरीज की जगह 108 एम्बुलेंस ढो रही टायर

भगवां।

प्रदेश की तरह जिले में भी 108 एम्बुलेंस मरीजों की जगह टायरों को ढोते पकड़ी जा रही है और मरीजों को हाथ ठेलों पर ले जाते हुए वीडियो वायरल हो रहे हैं। एम्बुलेंस योजना का नाम महिलाओं को समर्पित करते हुए सरकार द्वारा जननी एक्सप्रेस रखा गया था। लेकिन मिलीभगत के चलते उक्त योजना को कमाई का जरिया बना लिया गया है। प्रदेश में जननी एक्सप्रेस एम्बुलेंस को एक ही महिला को एक ही दिन में 5 बार उपलब्ध कराया हुआ दिखाया जाता है। छतरपुर जिले के एंबुलेंस डीएम रोहित अरजरिया के संरक्षण में एम्बुलेंस में टायरों का परिवहन करवाया जा रहा है।

शनिवार की शाम साढ़े 7 बजे के बड़ामलहरा के पास 108 एम्बुलेंस क्रमांक सीजी 04 एनटी 2459 जो सागर से छतरपुर लौट रही थी जिसमे नए टायर लदे हुए थे। इसी दौरान मीडियाकर्मियों ने 108 एम्बुलेंस को रोकने का प्रयास किया लेकिन चालक तेज रफ्तार में एम्बुलेंस लेकर भाग निकला। सूत्रों की माने तो छतरपुर जिले की 108 एम्बुलेंस गाडिय़ां लगातार रीडिंग व पैसों के चक्कर में छतरपुर डीएम रोहित अरजरिया लगातार बड़े घोटाले को लेकर सक्रिय बताए जा रहे हैं। लेकिन अब देखना यह होगा कि शासकीय वाहन जो एक महत्वाकांक्षी योजना में सबसे ज्यादा मददगार साबित है उसमें 108 एम्बुलेंस के छतरपुर डीएम द्वारा पलीता लगाया जा रहा है। कभी मरीजों से खुलेआम पैसों की मांग की जाती है, तो कभी फर्जी कॉल डालकर एम्बुलेंस चलाई जाती है।

## कलेक्टर के निर्देशन में जिले के पहले मरीज को मिला योजना का लाभ

### आकस्मिक स्थिति में तत्काल मरीज को भोपाल अस्पताल एयर एंबुलेंस से रैफर किया गया

छतरपुर।




सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम श्री एयर एंबुलेंस योजना गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है। पीएम श्री एयर एंबुलेंस सेवा आयुष्मान कार्डधारी मरीज के लिए वरदान साबित हो रही है। इससे मरीज को अति आकस्मिक स्थिति में और बेहतर उपचार के लिए रैफर होने में तत्काल मदद मिलती है और कम समय में मरीज को एयर एंबुलेंस के माध्यम से रैफर किया जाता है। कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन और अनुमति पर लवकुशनगर के ग्राम बछौन के मरीज को जिला अस्पताल से गंभीर अवस्था में खजुराहो से एयर एंबुलेंस के माध्यम से भोपाल रैफर किया गया। सीएमएचओ डॉ. आर.पी. गुप्ता ने बताया कि पी.एम.श्री एयर एम्बूलेंस सेवा से मरीज सिद्ध गोपाल पिता दरबारी तिवारी आयु 35 वर्ष निवासी ग्राम बछौन को चिरायु मेडीकल कालेज भोपाल में भर्ती कराया गया है। संबधित मरीज को शुक्रवार को गंभीर अवस्था में खून की कमी एवं ब्लीडिंग पर रेक्टिम (रक्त स्त्राव) के कारण जिला चिकित्सालय छतरपुर में भर्ती कराया गया था। संबधित मरीज आयुष्मान कार्ड धारक है।आयुष्मान की पात्रता अनुसार उपचार हेतु पांच लाख की मुफ्त उपचार की सुविधा प्रदाय की जाती है। संबंधित मरीज को सिविल सर्जन एवं सर्जिकल विशेषज्ञ की अनुशंसा उपरांत शासन के नियम अनुसार उच्च स्वास्थ्य संस्थान में बेहतर एवं त्वरित इलाज हेतु निःशुल्क एयर एम्बुलेंस से खजुराहो से भोपाल भेजा गया एवं चिरायु मेडीकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। मरीज के परिजनों ने इस योजना के लिए सरकार का आभार जताया है।

## प्रसूता ने घर पर दिया बच्ची को जन्म

### हालत बिगड़ी, अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम



नौगांव।

थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरट में एक प्रसूता महिला ने बीती रात प्रसव पीड़ा होने पर घर पर ही बच्ची को जन्म दिया। इसके बाद महिला की हालत बिगड़ जिसे एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नौगांव लाया गया जहां महिला ने दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार ग्राम बरट निवासी मनोज राजपूत की 28 वर्षीय पत्नि गोरा राजपूत को बीती रात प्रसव पीड़ा है और उसने घर पर ही एक बच्ची को जन्म दिया। जन्म के बाद महिला की हालत बिगडऩे लगी तभी परिजन उसे एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नौगांव लाए जहां इलाज के पहले ही महिला ने दम तोड़ दिया। वहीं बच्ची को डॉक्टरों की देखरेख में मशीन में रखा गया है। मृतिका गोरा राजपूत की पहले से दो बच्चियां है।

**स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही**

शासन द्वारा गांव-गांव में प्रत्येक गर्भवती महिलाओं का पंजीयन किया जाता है और समय-समय पर उनका चेकअप होता है लेकिन कहीं ना कहीं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग के काम करने वाले कर्मचारियों की लापरवाही सामने आई है। अगर परिजनों या महिला को सही समय पर सही जानकारी दी जाती तो वह अस्पताल में आकर प्रसव कराते तो शायद उसकी जान बच सकती थी। सुबह मृतिका का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## जगत में जगदीश्वर के दर्शन कराए वह भक्ति है

### बागेश्वर धाम की श्रीमद् भागवत कथा में उमड़े भक्त



छतरपुर।

पुण्य क्षेत्र बागेश्वर धाम में पिछले तीन दिनों से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के तीसरे दिन कथाव्यास बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री महाराज ने भक्ति के प्रसंग से कथा की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि जो जगत में जगदीश्वर का दर्शन कराए, महात्मा में परमात्मा का दर्शन कराए वही भक्ति है। उन्होंने लय और विलय के प्रसंग का विस्तार से उत्तर दिया। कथाव्यास महाराजश्री ने श्रीमद् भागवत महापुराण के प्रसंगों का व्याख्यान करते हुए कहा कि यह महापुराण साधना के साथ जीना सिखाती है। उन्होंने कहा कि माता में परमात्मा के दर्शन और महात्मा में परमात्मा के दर्शन कराने वाली भक्ति ही है। बड़ी संख्या में बागेश्वर धाम पीठ के कथास्थल पर लोग कथा सुनने आ रहे हैं। अपनी अमृतमयी वाणी से कथा का विस्तार करते हुए महाराजश्री ने कहा कि जिस तरह से रामचरित मानस संयोग का विषय है उसी तरह श्रीमद् भागवत महापुराण वियोग का विषय है। वहीं गीता योग का विषय है। महाराजश्री ने कहा कि जगत में यदि कल्याण का भाव पैदा हो रहा है तो इसका अर्थ है कि उस जीव पर भगवत कृपा हो रही है। कथा में शामिल होने बुन्देलखण्ड के योगी कहे जाने वाले महात्मा जी के अलावा अन्य संत उपस्थित हुए।

## खजुराहो के खिलाड़ियों ने संभाग स्तरीय मलखम्ब प्रतियोगिता में जीते पदक

छतरपुर।



। मध्यप्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित मलखम्ब प्रतियोगिता में खजुराहो मलखम्ब के खिलाडियों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सागर में आयोजित संभागीय प्रतियोगिता में क्रमशः स्वर्ण व रजत पदक प्राप्त कर खजुराहो व अपने क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। ज्ञात हो कि खजुराहो के प्रतीक दीक्षित, कृष्ण शुक्ला, शिवम पटेल, विवेक कुशवाहा, सत्येंद्र कुशवाहा तथा विमलेश अनुरागी का जिला स्तर के लिए चयन किया गया था जिसकी प्रतियोगिता जिला मुख्यालय छतरपुर के स्टेडियम में आयोजित की गई थी जिसमें सभी सभी खिलाडिय़ों ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में नगर के प्रतीक दीक्षित व कृष्णा शुक्ला का संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। यह प्रतियोगिता मध्यप्रदेश के सागर जिले में आयोजित की गई जहाँ कृष्णा शुक्ला ने स्वर्ण पदक व प्रतीक दीक्षित को रजत पदक प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में मुख्य चयनकर्ता रहे। इस अवसर पर खजुराहो मलखम्ब के प्रशिक्षक इन्द्रजीत दीक्षित व जिला मलखम्ब एसोसिएशन अध्यक्ष प्रदीप सेन तथा नगरवासियों ने खिलाडिय़ों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

## शोभायात्रा निकालकर मनायी गई वाल्मीकि जयंती

छतरपुर।



शनिवार को छतरपुर में जिला स्तरीय वाल्मीकि जयंती मनाई गई जिसमें वाल्मीकि चौराहे से भव्य शोभायात्रा निकली जो छात्रसाल चौराहा, चौबे तिराहा, बस स्टैंड, चौक बाजार होते हुए सिंघाड़ी नदी बाल्मीकि मंदिर पहुंची जहां पर उज्जैन के सुप्रसिद्ध संत आचार्य बलराम दावड़े द्वारा वाल्मीकि जी की पूजा अर्चना की गई। इसके पश्चात मंचीय कार्यक्रम मेधावी छात्र छात्रों का सम्मान वरिष्ठजनों का सम्मान, विचार गोष्ठी एवं विशाल भंडारा किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र यादव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा महामंत्री सुरेंद्र चौरसिया, पूर्व राज्य सफाई कर्मचारी आयोग सदस्य अमित कछवाहा, डॉ विजय पथोरिया, अजाक्स संरक्षक के.डी अहिरवार, अजाक्स जिलाध्यक्ष लाल बहादुर, स्वच्छता निरीक्षक संजेश नायक एवं भारतीय सफाई मजदूर संघ संभागीय अध्यक्ष वीरेंद्र सिहोते, अरविंद मछंदर, यूथ लीडर सैंडी सिंह, शासक इंजीनियर बृजलाल अनुरागी, बाबूलाल सहित जिले की नगर परिषदों के सफाई कर्मचारी तथा बाल्मीकि समाज की बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का आयोजन आदित्य बाल्मिक, नीरज बाल्मिक, हेमेंद्र बाल्मिक, रवि पथरौर, अरमान मेहरौलिया, लखन करोसिया वाल्मिक प्रकट उत्सव समिति एवं समस्त बाल्मिक समाज द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### धर्म परिवार का सार्वजनिक दीपोत्सव कलश सज्जा प्रतियोगिता के साथ होगी सामूहिक आतिशबाजी

रीवा। हिन्दू उत्सव समिति धर्मपरिवार की महिला शाखा संरक्षक श्रीमती संतोषी गुप्ता के दिये गये प्रस्ताव पर पदमधर पार्क आयोजित होने वाले सार्वजनिक दीपोत्सव-2024 में कलश सज्जा प्रतियोगिता के साथ सामूहिक आतिशबाजी को जोड़ा जा रहा है। जिसमें नगर की समस्त कलाप्रेमी महिलाओ को कलश सज्जा प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये आमंत्रित किया जा रहा है। साथ ही आने वाले सभी नागरिको, कलाकारो को सामूहिक आतिशबाजी में भाग लेने के लिये अपनी-अपनी सामग्री लाने हेतु आग्रह किया गया है। यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक अनिल मिश्रा एड0 एवं युवा अध्यक्ष सुमित माँजवानी ने दी है। जानकारी में आगे बताया गया है कि इस वर्ष मनाये जाने वाले सार्वजनिक दीपोत्सव में उपस्थित जनसमुदाय द्वारा एक साथ मिलकर दीपदान किया जायेगा। शुभारंभ हेतु नगर की प्रसिद्ध भजन मंडली प्राची शुक्ला ग्रुप को भी अपनी आकर्षक प्रस्तुति देने हेतु आमंत्रित किया गया है। नगर की प्रसिद्ध उदघोषिका मंच संचालिका डॉ0 आरती तिवारी कार्यक्रम को अपनी मधुर आवाज से संचालित करेगी। धर्म परिवार के संस्थापक आजीवन संरक्षक नारायण डिगवानी एवं अध्यक्ष गुरमीत सिंह मंगू के कुशल नेतृत्य में आयोजन समिति द्वारा आयोजन को यादगार बनाने के लिये निरंतर तैय्यारी की जा रही है। सांस्कृतिक सचिव राजीव वर्मा गुड्डू द्वारा डॉस ग्रुपो को एकल एवं समूह नृत्य के लिये सम्पर्क किया जा रहा है। इस वर्ष सभी सहभागी कलाकारो को सम्मान स्वरूप समृति चिंह देकर पुरस्कृत किया जायेगा, लगातार 26वें वर्ष में आयोजित होने वाले इस गरिमामयी आयोजन में आने वाले नागरिको के लिये दर्शक दीर्धा बनेगी।

### शहीद केदारनाथ क्रिकेट टूर्नामेंट मे बहेराडाबर बनी विजेता



मऊगंज। शहीद केदारनाथ महाविद्यालय क्रिकेट टूर्नामेंट टीम के द्वारा कई वर्षो से प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिला बनने के बाद पहले सीजन का प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ 06 अक्टूबर से प्रारंभ किया गया जिसमे कुल 10 टीमों द्वारा प्रतियोगिता में भाग लिया गया।। 20 दिवसीय इस प्रतियोगिता में बहेराडाबर एवं डगडौआ की टीम फाइनल मे पहुंची। जिसमें बहेराडाबर टीम विजयी हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरविंद सिंह द्वारा विजेता एंव उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की गई शहीद केदारनाथ क्रिकेट टूर्नामेंट में लगातार कई वर्षों से संरक्षक के रूप में राजेश सिंह राजू मांडा का योगदान विशेष रहा है। क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन में अजय पांडे एवं जेपी मिश्रा द्वारा निर्णायक अंपायरिंग की भूमिका निभाई गई। कॉमेंटेटर मकसूद खान द्वारा निर्बाद कमेंट्री प्रस्तुत की गई।विजेता टीम को 81 हजार रुपए का पारितोषिक एंव उपविजेता टीम को 41हजार रुपये कप्तानो को प्रदान किया गया उक्त कार्यक्रम में जिले के क्रिकेट प्रेमियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

### नईगढ़ी मे स्वयंसेवक संघ ने पथ संचलन निकाला

मऊगंज। नईगढ़ी नगर में संघ के स्वयंसेवकों द्वारा पथ संचलन निकाला गया।पथ संचलन नगर के सीएम राइज स्कूल से प्रारंभ होकर स्टेडियम रोड ,किला चौराहा,सब्जी मंडी ,गढ़ रोड से होते हुए पुनः प्रारंभ स्थल पर पहुंचा ।ज्ञात हो कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 1925 में नागपुर स्थित मोहिते के बाड़े में विजयादशमी के दिन की गई थी। तब से लेकर आज तक विजयादशमी के दिन आरएसएस अपना स्थापना दिवस मनाता आ रहा है जिसको लेकर विभिन्न शाखाओं द्वारा अलग अलग दिन पथ संचलन निकाला जाता है।पथ संचलन में ध्वज वाहिनी घोष और घोष दंड शामिल थे,पथ संचलन में सभी स्वयंसेवक हाथों में दंड लिए कदमताल मिलाते हुए चल रहे थे पथ संचलन का जगह-जगह पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत भी हुआ।

## प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से किया रीवा एयरपोर्ट का लोकार्पण, विन्ध्य को माल ढुलाई के लिए कंटेनर और हवाई जहाज की मिलेगी सुविधा

# मुख्यमंत्री आमजन को 999 रुपए में देंगे विमान यात्रा की सुविधा
















*रीवा एयरपोर्ट से बदलेगी विन्ध्य की तस्वीर और तकदीर माल परिवहन के लिए रीवा में बनाएंगे अन्तर्देशीय कंटेनर डिपो उज्जैन, शिवपुरी और दतिया एयरपोर्ट का शीघ्र होगा उद्घाटन विन्ध्य के खेतों में अगले साल पहुंचेगा नर्मदा का पानी*

रीवा

रीवा के नवनिर्मित एयरपोर्ट का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बनारस से वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि आपने जब मुझे तीसरी बार आशीर्वाद दिया तो मैंने कहा था, कि अब तीन गुना रफ्तार से विकास के कार्य होंगे। नई सरकार बनने के 125 दिन के भीतर 15 लाख करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं में काम शुरू हो गया है। इनके माध्यम से किसानों और गरीबों को विकास के अवसर दिए जा रहे हैं। पूरे देश में अधोसंरचना विकास के लिए हम लगातार प्रयास कर रहे हैं। विकास के लिए निवेश नागरिकों की सुविधा और नौजवानों को रोजगार का अवसर देने के लिए है। फोरलेन हाईवे, रेलवे और एयरपोर्ट का निर्माण केवल ईंट सीमेंट का काम नहीं है यह लाखों लोगों के रोजगार और विकास के साधन हैं। देश में वर्ष 2014 में केवल 70 एयरपोर्ट थे। आज देश में 158 एयरपोर्ट हैं। रीवा में आयोजित लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने दीवाली के पहले ही विन्ध्यवासियों को दीवाली का बहुत बड़ा तोहफा दिया है। एयरपोर्ट से विन्ध्य के विकास के द्वार खुलेंगे। विन्ध्य में प्राकृतिक संपदा और विकास के हर संसाधन उपलब्ध रहे हैं। पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा ध्यान न देने के कारण विन्ध्य का समुचित विकास नहीं हो सका। अब विन्ध्य के विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। रीवा में 1993 में रेल की भी सुविधा नहीं थी। आज यहाँ एयरपोर्ट की सुविधा उपलब्ध हो गई है। रीवा से भोपाल तक एक्सप्रेस वे का निर्माण किया जाएगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य के औद्योगिक विकास को गति देने के लिए 23 अक्टूबर को रीवा में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से पूरे विन्ध्य में बड़े पैमाने पर औद्योगिक विकास के लिए निवेश होगा। उद्योगों की स्थापना से रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। विन्ध्य में कृषि और खनिज पर आधारित उद्योगों का तेजी से विकास होगा। पूरे संभाग में फूड इंडस्ट्री की अच्छी संभावना है। विन्ध्य से माल ढुलाई के लिए शीघ्र ही कंटेनर और मालवाहक हवाई जहाज की सुविधा दी जाएगी। साथ ही विन्ध्य वासियों को 999 रुपए में एक माह तक हवाई यात्रा कराई जाएगी। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी के प्रयासों तथा उड़ान योजना से गरीब आदमी को भी हवाई यात्रा की सुविधा मिल गई है।

### मुख्यमंत्री ने कहा कि गंभीर रोगियों को उपचार सहायता के लिए एयर एंबुलेंस और हेली सेवा शुरू की गई है।

गंभीर रोगी को हवाई मार्ग से निःशुल्क बड़े अस्पताल ले जा रहे हैं। आज करवा चौथ के वृत के दिन रीवा को एयरपोर्ट की सौगात मिली है। इससे करवा चौथ का आनंद दुगना हो गया है। प्रधानमंत्री जी ने दीवाली से पहले ही विन्ध्य वासियों को दीवाली का तोहफा दे दिया है। प्रदेश में 6 हवाई अड्डों के साथ 25 हवाई पट्टियाँ विकसित की गई हैं। प्रदेश के हर जिले में हवाई पट्टी बनाई जाएगी। उज्जैन, शिवपुरी और दतिया के एयरपोर्टों का शीघ्र ही लोकार्पण होगा।

### मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम वनवास के दस से अधिक वर्ष विन्ध्य की पावन धरा पर रहे

भगवान राम की तपोभूमि चित्रकूट के विकास के लिए मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश की सरकार मिलकर प्रयास कर रही हैं। युवाओं को रोजगार का अवसर देने के लिए हर संभाग में कौशल उन्नयन केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें प्रशिक्षण लेकर युवा अपना भविष्य संवारे। कृषि तथा दूध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। दूध उत्पादक किसानों को भी बोनस दिया जाएगा। प्रदेश में चहुंमुखी विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। 2003 तक प्रदेश में केवल पाँच मेडिकल कालेज थे। अगले दो सालों में प्रदेश में 37 मेडिकल कालेज हो जाएंगे। पूरे देश में सबसे पहले नदी जोड़ो अभियान मध्यप्रदेश में शुरू किया गया है। विन्ध्य क्षेत्र में अगले साल तक किसानों के खेतों तक माँ नर्मदा का पानी पहुंच जाएगा।

### समारोह में मुख्यमंत्री ने कन्यापूजन करके बेटियों का सम्मान किया

मुख्यमंत्री ने रीवा जिले में पर्यटन संभावनाओं के संबंध में तैयार वीडियो फिल्म का विमोचन किया। लोकार्पण समारोह में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि रीवा संभाग सहित विन्ध्य के लिए यह गौरव के क्षण हैं। जब मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की उपस्थिति में प्रधानमंत्री जी के हाथों विन्ध्य क्षेत्र की उड़ान के लिए रीवा का एयरपोर्ट लोकार्पित हो रहा है। समूचे विन्ध्य वासियों को इसके लिए बधाई और बहुत-बहुत शुभकामनाएँ। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि हवाई अड्डे के रूप में विन्ध्य को पर्यटन, उद्योग, रोजगार और स्वास्थ्य सहित हर क्षेत्र में विकास के लिए बड़ी सौगात मिल रही है। समारोह में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा में एयरपोर्ट के उद्घाटन का ऐतिहासिक पल विन्ध्य की आने वाली पीढ़ी लम्बे समय तक याद रखेगी। रीवा में विकास की अपार संभावनाएं हैं। पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के कर कमलों से बाणसागर परियोजना का लोकार्पण होने के साथ रीवा की तस्वीर और तकदीर दोनों ही बदल गई। रीवा में सोलर प्लांट, विन्ध्य की विशेष पहचान सफेद बाघ की 46 वर्षों बाद मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी में वापसी सहित अनेक सौगातें पिछले कुछ वर्षों में मिली हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विन्ध्य की प्रगति को नई ऊँचाईयाँ देने के लिए एयरपोर्ट की सौगात दी है। मध्यप्रदेश में 1978 के बाद 46 वर्षों के अंतराल में रीवा में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के रूप में रीवा एयरपोर्ट का उद्घाटन हुआ है। इससे आगामी 5 नवम्बर से रीवा से भोपाल की नियमित विमान सेवा शुरू हो जाएगी। लो का प ण समारोह में नगरीय विकास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद रीवा जनार्दन मिश्र, सांसद सीधी डॉ राजेश मिश्रा, विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह, विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी, विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति, विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, विधायक रामपुर बघेलान विक्रम सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ अजय सिंह, पूर्व मंत्री पुष्पराज सिंह उपस्थित रहे। समारोह में अतिथियों का स्वागत एवं रीवा एयरपोर्ट का विवरण भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के प्रदेश प्रभारी रामजी अवस्थी ने प्रस्तुत किया। समारोह में कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी एमएस सिकरवार, डीआईजी साकेत प्रसाद पाण्डेय, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### रीवा एयरपोर्ट से पहली विमान उड़ान से दस यात्री गए भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

रीवा एयरपोर्ट से रविवार से नियमित विमान सेवा प्रारंभ हो गई। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने हरी झण्डी दिखाकर विमान को रवाना किया। इस पहली उड़ान में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल सहित दस यात्री भोपाल रवाना हुए। विमान से श्रीमती सुनीता शुक्ला, मधु तिवारी, देवन्द्र द्विवेदी, अनिल गुप्ता, मधुसूदन, राघवेन्द्र सिंह, डीके गौतम तथा रंजीत कुमार ने उड़ान भरी। इससे पूर्व दोपहर दोपहर एक बजे से रीवा एयरपोर्ट में विमान का आगमन हुआ। रीवा एयरपोर्ट में प्रथम विमान आगमन पर वाटर कैनन द्वारा स्वागत किया गया।

### उद्योगों के विकास की सभी बाधाओं को दूर किया जाएगा

मुख्यमंत्री उद्योगपति अपने लिए ही नहीं प्रदेश और देश के लिए उद्योग चला रहे हैं - मुख्यमंत्री विन्ध्य के उद्योगपतियों को निर्यात के लिए मिलेगी कंटेनर की सुविधारीवा का दामाद हूँ इसलिए रीवा के विकास में कोई कोर कसर नहीं रहने दूंगा कमिश्नर और कलेक्टर उद्योगपतियों की कठिनाईयों को दूर करें मुख्यमंत्री रीवा । प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने एक दिवसीय प्रवास पर रीवा पहुंचकर रीवा एयरपोर्ट के उद्घाटन समारोह में शिरकत की। एयरपोर्ट परिसर में ही मुख्यमंत्री ने 23 अक्टूबर को आयोजित हो रहे रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के संबंध में संभाग के उद्योगपतियों से चर्चा की। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि विन्ध्य में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं हैं। इन्हें गति देने के लिए रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। उद्योगों के विकास की सभी बाधाएं दूर की जाएंगी। सभी उद्योगपति अपनी कठिनाईयों को उद्योग विभाग को अवगत कराएं। हर जिले में निवेश संवर्धन केन्द्र खोल दिया गया है। इसके माध्यम से भी सरकार तक अपनी बात पहुंचाएं। उद्योगपतियों की स्थानीय कठिनाईयों को दूर करने की जिम्मेदारी कमिश्नर और कलेक्टर की है। निर्यात सुविधाओं के मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य के उद्योगपतियों को उत्पादों के निर्यात के लिए कंटेनर की सुविधा मिलेगी। अब रेल के साथ मालवाहक हवाई जहाजों से भी परिवहन होगा। उद्योगपति केवल अपने लिए उद्योग नहीं चलाते हैं। आपके उद्योग से प्रदेश और देश का विकास होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के औद्योगिक विकास को गति देने के लिए हर माह संभागीय मुख्यालयों में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। जब कुँआ खुद प्यासे के पास जा रहा है तब उद्योगों को भला कौन सी कठिनाई होगी। उद्योगपतियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि धान की मिलिंग के संबंध में जो कठिनाईयाँ हैं उन्हें दूर करने के लिए शीघ्र निर्णय लिया जाएगा। मिलिंग नीति में राइस मिलर्स के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। उद्योगों के वर्ष 2022-23 के अनुदान की राशि जारी कर दी गई है। अब अनुदान की राशि सीधे उद्योगपति के खाते में जारी की जाएगी। विन्ध्य क्षेत्र के विकास की हर बाधा दूर की जाएगी। मैं रीवा का दामाद हूं। रीवा के विकास में कोई कोर कसर नहीं रखूंगा।

### मुख्यमंत्री ने बैठक में उपस्थित रीवा तथा मऊगंज के उद्योगपतियों से चर्चा की

मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सिंगरौली, सीधी, मैहर तथा सतना के उद्योगपतियों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगों पर दोहरा कराधान नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 23 अक्टूबर को रीवा में पूरे विन्ध्य के औद्योगिक विकास के लिए विचार मंथन होगा। इसमें शामिल होने के लिए 50 बड़े उद्योगपतियों के साथ तीन हजार से अधिक उद्योगपतियों ने पंजीयन किया है। इसी दिन औद्योगिक केन्द्र चोरहटा में विद्युत सब स्टेशन के निर्माण तथा रीवा में आईटी पार्क के निर्माण का भूमिपूजन होगा। विन्ध्य में कई बड़े उद्योगों की स्थापना के प्रस्ताव रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में मिलेंगे।
बैठक में उद्योगपतियों ने औद्योगिक विकास के अनुसार जिलों के श्रेणीकरण, रीवा को विशेष औद्योगिक जोन का दर्जा देने, धान मिलिंग तथा बारदाने की राशि के भुगतान, छोटे शहरों के औद्योगीकरण को प्राथमिकता देने, सिंगरौली में उद्योगों के लिए पर्याप्त पानी की उपलब्धता सहित विभिन्न सुझाव दिए।

## थाना लौर पुलिस द्वारा क्षेत्र में हो रही 4 चोरी की वारदातों का खुलासा




मऊगंज। थाना प्रभारी जगदीश ठाकुर एवं हमराह स्टाफ के द्वारा - थाना नईगढ़ी में चोरी का खुलासा करने के उपरांत थाना नंईगढी में घटित चोरी के अपराध के मामले में चोरी के समान बरामद होने पर आरोपियों से पूँछताँछ दौरान थाना लौर क्षेत्र मे भी चोरी की घटनाए कारित करना स्वीकार की गई हैं, थाना नईगढी से प्राप्त सूचना पर माननीय न्यायालय से लौर क्षेत्र में चोरी के सम्बन्ध में पुलिस रिमाण्ड प्राप्त कर पूँछताँछ की गई जो आरोपीगण 01.छोटेलाल गोंड़ 02.बादशाह गोंड़ एवं 03.विवेक गोंड़ द्वारा पूँछताँछ दौरान 01.कृपाशंकर द्विवेदी नि. ग्राम खीरी थाना लौर जिला मऊगंज 02.महिमा सोनी पति जवाहरलाल सोनी नि. गनिगवाँ थाना लौर 03.शिवेन्द्र पटेल पिता बुद्धसेन पटेल नि. ग्राम इटहा थाना लौर 04. जगदीश तिवारी नि. ग्राम नरैनी चौका सोनवर्षा तमरी मोड़ थाना लौर जिला मऊगंज के घरों मे हुई चोरी की घटनाएँ कारित करना स्वीकार की गई हैं, आरोपियों की स्वीकारोक्ति के आधार पर इनकी निशादेही मे 04 अलग अलग घरों से चोरी गए चाँदी के जेवरात बरामद किए गए हैं, एवं आरोपियों को पुनः माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेज दिया गया है।

**गिरफ्तारशुदा आरोपी**

01.छोटेलाल गोंड़ पिता रामखेलावन गोंड़ उम्र 45 वर्ष, निवासी पिपराही थाना हनुमाना।02.बादशाह गोंड़ पिता शिवमँगल गोंड़ उम्र 45 वर्ष दोनो नि. ग्राम पिपराही थाना हनुमना जिला मऊगंज 03.विवेक गोंड़ पिता शिवभारत गोंड़ उम्र 30 वर्ष नि. ग्राम पनगड़ी (कठमना) थाना गढ़ जिला रीवा (म.प्र.)।

#### बरामद मशरूका

लगभग 500 ग्राम चाँदी के जेवरात पुराने इस्तेमाली कीमती लगभग 40,000/- रुपए।

#### सराहनीय भूमिका

उप निरीक्षक जगदीश ठाकुर थाना प्रभारी लौर, उप निरी. राजेश पाण्डेय, सउनि दिलराज सिंह, प्र.आर. तौसीफ खान, आर. अखिल , आर. अजय,आर. सूरज , आर. मुकेश कुमार।

## रहस्यमय ढंग से लापता महिला का शव खेत में गड़ा हुआ मिला





रीवा

जिले के त्योथर तहसील के सोहागी थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जिसमें दस दिन पहले रहस्यमय ढंग से लापता हुई महिला का शव उसके घर से कुछ दूर खेत में गड़ा हुआ मिला है, मृतका की पहचान रामवती मांझी के रूप में की गई है, जो 10 अक्टूबर से लापता थीं। महिला का शव बोरे में बंद और जमीन में दफन पाया गया, घटना की जानकारी तब सामने आई जब मृतका के बेटे ने अपनी मां के लापता होने की शिकायत थाने में दर्ज कराई थी। बेटे की शिकायत के बाद पुलिस ने महिला की तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला, इस बीच गुरुवार को रामवती का पति अपनी 25 वर्षीय बेटी के साथ अचानक गायब हो गया, जिससे हत्या की आशंका और गहरी हो गई, शनिवार को पुलिस और स्थानीय लोगों ने महिला के घर के आसपास सर्च ऑपरेशन चलाया, जिसमें एक स्थान पर ताजा मिट्टी पाटी हुई पाई गई। जब उस स्थान को खोदकर देखा गया तो वहां खून के छींटे भी मिले, जिससे शक और पुख्ता हो गया, जेसीबी मशीन की मदद से खुदाई करने पर बोरे में बंद महिला का शव बरामद हुआ, जिससे दुर्गंध आ रही थी, घटनास्थल पर खून के छींटे और मिट्टी के असामान्य हालात ने इस बात की ओर इशारा किया कि महिला की हत्या कर शव को वहां दफन किया गया था, पुलिस ने तुरंत घटनास्थल को सुरक्षित करवाया और फॉरेंसिक टीम को जांच के लिए बुलाया गया, शव का परीक्षण कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज गया वही रामवती मांझी के पति और बेटी के अचानक गायब हो जाने से उन पर हत्या का शक गहराता जा रहा है, पुलिस का मानना है कि महिला की हत्या कर शव को बोरे में भरकर जमीन में दफनाया गया और फिर पकड़े जाने के डर से पति अपनी बेटी के साथ फरार हो गया,फिलहाल पुलिस द्वारा फरार पति और बेटी की तलाश की जा रही है और इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है,मृतका की हत्या के पीछे के कारणों और घटना की परिस्थितियों की जांच जारी है।

**इनका कहना है -**

पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है और पति के मिलने के बाद ही घटना की सच्चाई का खुलासा हो सकेगा।

**पवन शुक्ला, सोहागी**
**थाना प्रभारी रीवा**